# शहर सहित गांव-गांव ढाणी में वोट देकर मनाया लोकतंत्र का उत्सव

**राजसमंद,** । राजसमंद संसदीय क्षेत्र में भीम, कुंभलगढ, राजसमंद, नाथद्वारा, मेडता, डेगाणा, जेतारण व ब्यावर विधानसभा सीटों पर मतदाताओं ने वोटिंग मशीन की बीप के साथ ही उम्मीदवारों की तकदीर को लिखते हुए शुक्रवार को सांय पांच बजे तक करीब 55.17 प्रतिशत मतदान किया। सांसद और केन्द्र की सरकार चुनने को लेकर मतदाताओं खासकर युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। वहीं मतदान करने में नव मतदाता भी पीछे नहीं रहे। वे अपने मत का पहला उपयोग करने के कारण नव मतदाता काफी उत्साहित नजर आए।

निर्धारित समय के बाद तक भी मतदान कराया जाता रहा। छिटपुट घटनाओं को छोडकर जिले की चारों विधानसभाओं पर शांति पूर्वक मतदान रहा। मतदान के निर्धारित समय सुबह 7 बजे से पहले ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की कतारें लगना प्रारंभ हो गई। दिन चढने के साथ ही वोटिंग का सिलसिला तेज होता गया। राजस्थान की 25 में से 13 लोकसभा सीटों पर लोकतंत्र पर्व के तहत शुक्रवार को मतदान दिवस मनाया गया। प्रदेश की राजसमंद संसदीय क्षेत्र सीट पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर प्रातः सात बजे से ही मतदान प्रारंभ हो गया। सुबह 9:3० बजे तक 11.77, 11 बजे 25.58 प्रतिशत, दोपहर 1:3० बजे तक लोकसभा में 36.88, दोपहर 3 बजे तक 43.91, सायं 5 बजे तक 52.17 प्रतिशत मतदान हुआ। सायं 6 बजे के बाद किसी भी मतदाता को मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया गया। हालांकि तय समय में अंदर प्रवेश करने वाले मतदाताओं को मतदान करने का मौका दिया गया था। इसी के साथ शहर के श्री बालकृष्ण विद्याभवन राआउमावि हाथीनाडा एवं उमावि कांकरोली, राआउमावि राजनगर, राउप्रावि माणक चौक राजनगर, धोइन्दा, सूरजपोल, बीएन गर्ल्स कॉलेज आदि मतदान केन्द्रों में भी प्रातः सात बजे से ही मतदाता अपना वोट डालने पहुंच गए। दोपहर 1 बजे तक लगभग सभी शहरी मतदान केन्द्रों पर 35 से 4० फीसदी मतदान हुआ। मतदान का प्रतिशत घडी के सुई की टक-टक के साथ बढता गया जो शाम 5 बजे तक 52.17 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। वहीं गांधी सेवा सदन स्कूल में स्थापित आदर्श मतदान केन्द्र में करीब 58 प्रतिशत से भी अधिक मतदान दर्ज किया गया। गत लोकसभा चुनाव के मुकाबले में इस बार मतदान प्रतिशत का आंकडा कम रहा। कम हुए मतदान के प्रतिशत से चुवानी प्रबंधक, प्रत्याशी और आमजन ने हार-जीत के कयास लगाना शुरू कर दिया है।




राजसमंद में लोढियाणा गांव में मतदान करती जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी।

- मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का उपयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में किए बंद

**सुबह लगी कतारें दिन में सुने रहे बुथ :** गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्र के मतदान बुथ पर मतदान प्रारंभ होने से पूर्व की मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंच कतार में खेडे हो गए। जैसे ही मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई बारी-बारी से सभी ने अपना मतदान का उपयोग किया। बढती गर्मी और तेज धुप के कारण ज्यादातर मतदाताओं ने सुबह जल्दी ही मतदान करने का मानस बना लिया। जैसे-जैसे दिन चढता गया वैसे-वैसे अधिकतर मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कतारें कम होती गई और दोपहर बारह बजे बाद गिने चुने मतदाता ही बुथ पर पहुंचे। गर्मी के कारण खासकर उम्र दाराज एवं महिला मतदाताओं ने प्रातः सात बजे से 11 बजे के बीच मतादन करने पहुंचे। हालांकि तेज गर्मी के कारण दोपहर एक बजे बाद जिले के कई बूथों पर मतदाताओं के अभाव में कर्मचार सुस्ताते नजर आए। भीम-देवगढ विधानसभा के राउप्रावि जीरण मतदान केन्द्र भाग संख्या 168 पर दोपहर 12:4० बजे तक 618 मैसे 286 यानि 46 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। हालांकि इस दौरान कोई भी मतदाता मतदान केन्द्र पर नहीं थे। कुंभलगढ विधानसभा में राउमावि घोसुण्डी के मतदान केन्द्र पर1:5० बजे तक 1361 में से 48० मतदाताओं ने अपना वोट दिया। श्रीमती कस्तूरीबाई-हजारलाल जाट राउमावि लोढियाणा स्थित मतदान केन्द्र पर दोपहर 2:2० बजे कोई मतदाता नहीं होने के कारण सन्नाटा पसरा रहा। वहां बूथ संख्या 85 पर 545 में से 257 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। राउप्रावि लोढियाणा वाडा के भाग संख्या 86 में 566 में से 28० यानि 49 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके बाद एक-दो मतदाताओं के आने का क्रम जारी रहा। इसके अपरान्ह चार बजे बाद पुनः मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारे लगना प्रारंभ हो गई।

**शाम होते-होते पुनः बढी मतदाताओं की भीड :** मतदान के दौरान दिन के समय भारी गर्मी को तेज धुप के समय अधिकतर मतदान केन्द्र सुने रहे लेकिन ज्योही शाम होने लगी मतदान केन्द्रों पर पुनः मतदाताओं की भीड जुटना प्रारंभ हो गई।

## वोट हमारा कत्तर्व्य और अधिकार दोनों है : माली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा शहर में मतदान करने के लिए लोगों में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं सहित अन्य मतदाताओं ने भी बढ़चढ़ कर मतदान किया। भीलवाड़ शहर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 180 भाग संख्या 171-172 विजय सिंह पथिक नगर के मतदान केंद्र राजीव गांधी सामुदायिक भवन में स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने अपने परिवारजनों सहित वरिष्ठजनों के साथ मतदान कर एक आदर्श मतदाता होने का परिचय दिया। इनके साथ ही जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, शंभु प्रसाद माली, कमला देवी, सागर माली, विद्या माली, मुकेश बुलिवाल, कीर्ति सैनी, रंजना माली सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने मतदान कर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाया। इसी मतदान केन्द्र पर विजय सिंह पथिक नगर निवासी युवा रंजना बुलिवाल व किर्ती सैनी ने पहली बार मतदान किया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज कर आज वे बेहद खुश एवं उत्साहित है। इन्होंने अन्य युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं को हर्षोउल्लास के साथ भाग लेना चाहिए। यह हमारा कत्तर्व्य और अधिकार दोनो है।

## रूपनगढ़ में हुआ 56 प्रतिशत मतदान

**रूपनगढ़,** (निसं)। रूपनगढ़ नगरीय क्षेत्र में आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। क्षेत्र में से भी कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय वारदात अथवा घटना का समाचार नहीं है। पूरे क्षेत्र में शांति बनी रही और कहीं से भी मतदान के रुकने, विलंब होने अथवा कोई तकनीकी खराबी होने के भी समाचार नहीं मिले हैं। रूपनगढ़ के भाग संख्या 30 में 61प्रतिशत, 31 में 48, 32 में 61, 33 में 59, 34 में 59, 35 में 64, 36 में 50 और भाग संख्या 37 में 52 फीसदी वोट पड़े। कांग्रेस नेता नसीम अख्तर इंसाफ ने भी रूपनगढ़ क्षेत्र के गांवों का आज दौरा किया। इसके अतिरिक्त सांसद प्रत्याशी भाजपा के भागीरथ चौधरी ने भी रूपनगढ़ सहित क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया।

## कूलर की हवा में सोफे पर बैठ मतदाताओं ने किया बारी का इंतजार

**राजसमंद**, । लोकसभा चुनाव को लेकर द्वितीय चरण में राजसमंद संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान हुआ। शहर में सुरजपोल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 1०1 को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया। सिर्फ कहने मात्र को ही नहीं, यह वाकई में आदर्श साबित हुआ।

यहाँ सबसे पहले एक आकर्षक गेट ने लोगों को अंदर आकर मतदान के लिए प्रेरित किया। पूरे परिसर को गुब्बारों से सजाया गया था। अंदर घुसते ही हेल्प डेस्क के कार्मिकों ने इत्मीनान से पूरी प्रक्रिया समझाई और मार्गदर्शन किया। किड्स प्ले एरिया में बच्चों ने लुत्फ उठाया। तो वहीं एक

- सेल्फी पॉइंट का रहा क्रेज, सेल्फी लेने के लिए भी लगी कतार
- बच्चों ने उठाया कॉमिक्स का लुत्फ

अध्ययन क्षेत्र का निर्माण किया गया जहां पर कई रोचक पुस्तकें रखी गई। इसे लेकर बच्चों और युवा मतदाताओं में काफी क्रेज दिखा। जब माता-पिता अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे तब बच्चों ने यहाँ अध्ययन केंद्र पर पुस्तकें देखी। इसके अलावा चारों तरफ कूलर और सोफे लगाए गए जहां बैठ कर मतदाताओं ने अपनी बारी का इंतजार किया। यहाँ लगाया गया सेल्फी पॉइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा जिस पर सेल्फी लेने के लिए मतदाता उमडे रहे। इसके साथ ही व्हीलचेयर की व्यवस्था हर समय रही जिससे बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को काफी मदद मिली। सभी मतदाताओं ने एक सुर में व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मतदान केंद्र का कलक्टर, एसपी और सामान्य पर्यवेक्षक ने भी विजिट किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी अर्चना बुगालिया, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, एक्सईएन तरुण बाहेती आदि यहाँ मौजूद रहे।

## उदयपुर के पदराड़ा में फर्जी वोट पड़ा

**उदयपुर,** (का.सं.)। प्रदेश में दूसरे चरण में सम्पन्न लोकसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को उदयपुर लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। शाम 6 बजे तक उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 62.51 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें सर्वाधिक झाड़ोल क्षेत्र में 68.67 प्रतिशत मतदान हुआ। इधर उदयपुर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदराड़ा में कमलेश पुत्र हीरालाल दर्जी का वोट कोई अन्य डाल गया। कमलेश उदयपुर रहता है, उसने बताया उपसरपंच रतन मेवाड़ा ने कॉल कर वोट डालने के लिए बुलाया लेकिन जब वो वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचा तो वहां पता चला कि उनका वोट कोई व्यक्ति पहले ही डाल कर जा चुका था। कमलेश दर्जी ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए उसका वोट डलवाने की मांग की।

उदयपुर संसदीय क्षेत्र में शाम 6 बजे मतदान समाप्ति पर गोगुन्दा में 61.2 प्रतिशत, झाड़ोल में 68.62 प्रतिशत, खेरवाड़ा में 60.26 प्रतिशत, उदयपुर ग्रामीण 65.20, उदयपुर शहर 64.10, सलूम्बर 57.2 प्रतिशित, धरियावद 65.11 व आसपुर में 58.4 प्रतिशत मतदान हुआ। कई पोलिंग बूथों पर शाम 6 बजे तक कतार को देखते हुए अंतिम आंकड़ों में संशोधन संभव है। गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 में इस सीट पर 69.99 प्रतिशत मतदान हुआ था जो इस बार लगभग सात प्रतिशत मतदान कम हुआ है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू हुई और शाम 6 बजे सम्पन्न हुई । दूसरे चरण के तहत उदयपुर लोकसभा सीट पर मतदाताओं का उत्साह देखते बना। कडक धूप के चलते कई मतदान बूथो पर कई बार सन्नाटा पसरा भी देखा गया। जैसे की आशा थी भारी मतदान की वैसा नही हुआ । मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। नवविवाहित जोड़ा फेरे लेने के बाद मतदान करने पहुंचा तो वहीं सराड़ा क्षेत्र के लोग नदी पार कर नाव से वोट देने पहुंचे। देबारी पंचायत का रहने वाला जितेंद्र वैष्णव की बारात वोट करने पहुंची। गाजे-बाजे से बारात वोट डालने पहुंची तो पोलिंग बूथ पर पूरा माहौल उत्साहित हो गया।

- उदयपुर लोकसभा सीटः शाम 6 बजे तक 62.51 प्रतिशत मतदान
- बूथों पर कतार को देखते हुए मतदान प्रतिशत में आंशिक संशोधन संभव
- जिले में सर्वाधिक मतदान झाड़ोल क्षेत्र में 68.67 प्रतिशत

पहली बार इस सीट पर 65 हजार 723 मतदाताओं को अपने मताधिकार का अवसर मिला। इस संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 22 लाख 30 हजार 971 है। यहां दो अफसरों के बीच मुकाबला है। कांठोस प्रत्याशी ताराचंद मीणा उदयपुर के पूर्व कलेक्टर रहे तो भाजपा उम्मीदवार मन्नालाल रावत परिवहन विभाग में अतिरिक्त आयुक्त रहे। उदयपुर लोकसभा सीट में आठ विधानसभा है जिसमें छह उदयपुर की, एक डूंगरपुर की आसपुर तो एक प्रतापगढ़ की धरियावाद विधानसभा शामिल है । असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया परिवार सहित उदयपुर के हाउसिंग बोर्ड मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा. लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार मतदान है। कटारिया ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा वोट करना मेहरबानी नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है। मतदाता के निर्णय से ही सरकार बनती और बिगड़ती है। इसलिए शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। देश निर्माण को समझकर करना चाहिए। नेताओं,राजनीतिक पार्टियों और उनकी नीतियों को समझ कर मतदान करना चाहिए। देश में भ्रष्टाचार कैसे समाप्त हो, इसको ध्यान में रखकर करना चाहिए। सरकार की सोच क्या है सरकार देश बनाना क्या चाहती है इन बातों पर विचार करके मतदान करना चाहिए।

उदयपुर शहर के गुरु नानक पब्लिक स्कूल शास्त्री सर्कल पर मतदान करने के लिए पहुंचे उदयपुर लोकसभा के कांठोस प्रत्याशी ताराचंद मीणा परिवार के साथ लाइन में लगे।ं ाही भाजपा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत ने सेक्टर 14 स्थित नवजीवन पब्लिक स्कूल में सपरिवार मतदान किया।

इधर उदयपुर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदराड़ा में कमलेश पुत्र हीरालाल दर्जी का वोट कोई अन्य डाल गया। कमलेश उदयपुर रहता है, उसने बताया उपसरपंच रतन मेवाड़ा ने कॉल कर वोट डालने के लिए बुलाया लेकिन जब वो वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचा तो वहां पता चला कि उनका वोट कोई व्यक्ति पहले ही डाल कर जा चुका था।

## राजस्थान में सर्वत्र खिलेगा कमल : विधायक दीप्ति

**राजसमंद,** । विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शांतिपूर्ण एवं उत्साहवर्धक मतदान के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान में सर्वत्र कमल खिलेगा। मतदाताओं ने यह निश्चय कर लिया है कि देश में कुछ भ्रष्ट परिवारों की सरकार नहीं चाहिए। सबका साथ,सबका विकास की दृष्टि वाली एक सशक्त एवं समय पर सही निर्णय लेने वाली सरकार चाहिए।

विधायक ने कहा कि भ्रष्ट परिवारवादी पार्टियों के दुष्प्रचार का जनता पर कोई प्रभाव नहीं पडा है। इंडी गठबंधन की पार्टियों के दुष्प्रचार और चुनाव घोषणा पत्र से इनका गुप्त मंतव्य अवश्य ही सामने आ गया है। कांग्रेस गठबंधन सनातन धर्म को समाप्त करना चाहती है। जनता की संपत्तियों के एक्सरे से सर्वे करवा कर लूटना चाहती है। उत्तराधिकार में प्राप्त संपत्तियों पर 55 प्रतिशत कर लगा कर मुस्लिम तुष्टिकरण करना चाहती है। दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनहित में कठोर निर्णय लेने का साहस रखते हैं। हर घर शौचालय महिला सम्मान का सबसे बडा कार्यक्रम था। 8० करोड नागरिकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण ने करोडो निर्धन परिवारों को दाल रोटी की चिंता से मुक्त किया है।

देश में रेल पंथो एवं सडकों का तेजी से विस्तार से जनसाधारण के जीवन में बडा परिवर्तन आया है। आत्मनिर्भर भारत और भारत में बनाओं अभियान से रोजगार में वृद्धि हुई है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के समय सर्वत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता में उत्साह और आदर भाव झलक रहा था। अति पिछडे वर्ग के एक साधारण परिवार से आने वाले मोदी जी ने 1० वर्षो में भारत की छवि बदल कर रख दी है। आज भारत की विश्व प्रतिष्ठा बहुत उच्च स्तर की है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ रही है। करोडों देशवासी गरीबी के दुष्चक्र से मुक्त हुए हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य में बडे सुधार हुए हैं। इसलिए देश की जनता फिर एक बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है।

## हर केंद्र की व्यवस्थाओं पर रखी पैनी नजर

**राजसमंद,** । जिले में शुक्रवार को मतदान के दौरान वेबकास्टिंग से प्रशासन और पुलिस को मतदान केंद्रों की मॉनिटरिंग में प्रभावी मदद मिली। जिले में आधे मतदान केंद्रों यानी 496 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई थी। कलेक्ट्रेट के डीओआईटी वीसी रूम में इसका कंट्रोल रूम बनाया गया। जहां से इन सभी बूथों का लाइव टेलिकास्ट मतदाताओं की गोपनीयता बरकरार रखते हुए किया गया। कंट्रोल रूम से सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस श्रीधर चित्तूरी, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) डॉ भंवरलाल, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर एवं जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड आदि ने पैनी नजर रखी। जहां कमियाँ दिखी वहाँ तुरंत टीम से संवाद करते रहे जिससे मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं हुई और चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न हुए।

## सुबह से शाम तक कलक्टर-एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संभाला मोर्चा

**राजसमंद,** । लोकसभा चुनाव को लेकर द्वितीय चरण में राजसमंद संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान हुआ। जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल और एसपी मनीष त्रिपाठी ने सुबह से शाम तक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की निगरानी की ताकि मतदाताओं को कोई परेशानी न हो और सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जा सके। कलक्टर व एसपी सुबह सबसे पहले राजसमंद नगर में तैयार किए गए आदर्श मतदान केंद्र सूरजपोल पहुंचे और यहाँ की व्यवस्थाओं से अभिभूत दिखे।

आदर्श मतदान केंद्र सूरजपोल में था सेल्फी पॉइंट, किड्स प्ले एरिया, स्टडी एरिया, बैठने के लिए सोफा

आदर्श मतदान केंद्र सूरजपोल में सेल्फी पॉइंट, किड्स प्ले एरिया, स्टडी एरिया, बैठने के लिए सोफा आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। यहाँ

- आदर्श, दिव्यांग, युवा और महिला मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण
- नव मतदाताओं से बात की, कराया पौधारोपण
- उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए मतदाताओं ने जताया आभार

उन्होंने वोट देने वाले नवमतदाताओं से बात की और उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जिससे उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। कलक्टर-एसपी ने नव मतदाताओं से पौधरोपण भी कराया और मतदान के पर्व में योगदान देने पर बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं से भी बात की और उनका उत्साहवर्धन किया।

दिव्यांग मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने व्यवस्थाओं पर जताया संतोष इसके बाद वे गांधी सेवा सदन में बनाए गए युवा और दिव्यांग मतदान केंद्र पहुंचे जहां भी मतदाताओं के लिए आकर्षक व्यवस्थाएं की गई थी। जब वे यहाँ पहुंचे तब कर्मचारी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर पर ला रहे थे। सभी ने कलेक्टर से बात करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। यहाँ बनाए गए दिव्यांग मतदान केंद्र का भी कलक्टर ने निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों पर उन्होंने पीठासीन अधिकारी, पीओ आदि कार्मिकों से व्यवस्थाओं पर बात की और मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं होने देने की बात कही। महिला मतदान केंद्र पर महिला कार्मिकों ने संभाली व्यवस्था

कलक्टर और एसपी नगर परिषद पुराना भवन में निर्मित महिला मतदान केंद्र पहुंचे जहां मतदान केंद्र में सभी व्यवस्थाएं महिला कार्मिकों द्वारा संभाली जा रही थी। यहाँ भी कलक्टर ने मतदाताओं और कार्मिकों से बात की। सभी ने व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया और उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए आभार जताया। कलक्टर-एसपी निरीक्षण के लिए नाथद्वारा भी पहुंचे जहां उन्होंने तहसील कार्यालय स्थित मतदान केंद्र गोवर्धन स्कूल मतदान केंद्र तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर मतदाताओं से बात कर फीडबैक लिया।

## धर्म ही सर्वहितकारी- मुनि हितेन्द्र सागर

**बांसवाड़ा** । संपूर्ण सुख को प्राप्त करने का कोई मार्ग है तो वह धर्म है क्योंकि धर्म ही सर्व हितकारी होता है। उक्त उद्गार मुनि हितेन्द्र सागर महाराज ने बाहुबली कॉलोनी स्थित सुमतिनाथ जिनालय परिसर में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये। उन्होंने प्रथमाचार्य शांतिसागर महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अनेक उपसर्ग हुए जिनकी उन्होंने घटनाएं भी बताते हुए कहा कि किस तरह से अपने शरीर पर आये उपसर्ग करने वालों को प्रथमाचार्य ने समता भाव से माफ कर दिया था। ध्यान रहे कि मंदिर में आचार्य वर्धमान सागर ससंघ विराजित है। प्रवक्ता महेन्द्र कवालिया ने बताया कि यह वर्ष चरित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण शताब्दी वर्ष है जो अखिल भारतीय स्तर पर महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को दोपहर तीन बजे आचार्य के मार्गदर्शन में मांगलिक भवन बाहुबली कॉलोनी में बैठक आहुत की गयी है।

## सार-समाचार

### अधिकारियों और लोको पायलट का स्वागत



**राजसमंद,** । मावली -मारवाड मीटरगेज रेल खंड ब्रॉडगेज का काम शुरू होने के कारण 1932 में शुरू हुई मीटर गेज रेल लाइन की ट्रेन शुक्रवार को अंतिम बार जब कांकरोली रेलवे स्टेशन पहुंची तो भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष किशन गाडरी के नेतृत्व में युवाओं ने लोको पायलट का स्वागत किया। चेतन गाडरी ने बताया की जब अंतिम बार ट्रेन कांकरोली रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो युवाओं ने द्वारकाधीश के जयकारों के साथ रेलवे के अधिकारियों और लोको पायलटो का स्वागत किया। बता दें कि इस मीटर गेज पर गोरमघाट जैसा पर्यटन स्थल है और वर्षो से केवल सुबह और शाम एक रेल चल रही थी। इस दौरान रघुवीरसिंह, सोहन गाडरी, मुकेश, प्रदीप लोहार, निर्मल सेन, रमेश गुर्जर, कुंदन सिंह, छगन कुमावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रक्तदान किया

**राजसमंद,** । भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की प्रेरणा से नियमित रक्तदाता सुंदरलाल पालीवाल ने मतदान के बाद आपातकालीन जरुरत पर ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया। मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि रक्तदाता सुंदरलाल पालीवाल ने 3० वीं बार रक्तदान किया है। मत राष्ट्र समर्पित करते हुए अनजान रोगी का जीवन बचाने में रक्तदाता ने रक्तदान किया है एवं युवाओं ने रक्तदान करने का संकल्प लिया है। वहीं बृजलाल कुमावत की वयोवृद्ध माता ने 96 वर्ष की उम्र में मतदान केंद्र राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल धोइंदा दाया भाग पर प्रातः मतदान कर स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया।

### छः छात्र/छात्राओं का जेईई में चयन

**राजसमंद,** । जिला मुख्यालय के समीपवर्ती सोफिया पब्लिक स्कूल भावा व केकेज मेथ्स कल्ब के सात छात्र/छात्राओं का जेईई में चयन हुआ। संस्था प्रधान ज्योत्सना दाधिच ने बताया कि हिमांशु जैन ने 99.41 पर्सेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक-9475 प्राप्त कर संस्था व जिले का नाम रोशन किया। यह अभी तक का किसी भी छात्र का जिले में तैयारी कर प्राप्त किया गया जेईई अधिकतम स्कोर है। इसी क्रम में केकेज मेथ्स कल्ब के 6 छात्र/छात्रा दिव्यराज सिंह (97.73), श्रेष्ठ चौरडिया (94.6), शुभम कोठारी (94.5), जयश्री आचार्य (94), मनस्वी राजपुरोहित (92) एवं हार्दिक वसीटा ने (9०) पर्सेंटाइल अर्जित कर संस्था को गौरवान्वित किया।

### वृक्षारोपण के साथ मतदान शुरु

**भीम** ।उपखंड क्षेत्र के छापली ठाम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणा वृक्षारोपण के साथ हुआ मतदान का शुभारंभ। छापली सरपंच गणपतसिंह चौहान छगनलाल मानसिंह चरणसिंह मनोहरसिंह सुनील कुमार खुमानसिंह सपना कंवर किशोर कुमार आशा सहयोगिनी पार्वती देवी, योगेश कुमार उदयसिंह पुनाराम बीट प्रभारी बनवारीलाल आदि के द्वारा मतदान केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणा में पांच वृक्षों का रोपण कर मतदान किया गया। टोगी के बूथ नंबर 50 पर 105 वर्षीय जेतसिंह पुत्र नोलसिंह, एवं 100 वर्षीय दाखुदेवी पत्नी अजब सिंह आदि दिव्यांग को चारपाई एवं व्हीलचेयर सामाजिक कार्यकर्ता गोपालसिंह पटेल मतदान करवाने मैं सहायता की।

### सरवाड़ में शांतिपूर्ण हुए मतदान

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ शहर में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए वहीं लोकसभा चुनाव के लिए सरवाड़ में मतदान केन्द्रों पर सुबह अच्छी भीड़ देखने को मिली मगर दोपहर बाद आई बारिश के बाद मतदान केन्द्र सुने पड़े रहे कार्यकर्ताओं ने मतदान से वंचित रहे मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया इसके बावजूद कई मतदान केन्द्र सुने पड़े रहे लोगों ने खामोशी के साथ आकर मतदान किया वहीं क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने सरवाड़ पहुंचकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग मतदाताओं सहित दिव्यांगों ने भी बड़ी संख्या में मतदान के अधिकार का उपयोग किया। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का दौरा किया। वहीं कार्मिकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश वहीं व्यवस्थाओं का जायजा लिया मतदान प्रक्रिया संपादित करवा रहे। अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत की तथा शांतिपूर्ण निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान के लिए वहीं उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर, तहसीलदार रणछोड़ लाल व थाना प्रभारी सत्यवान मीणा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

### पार्सल व नकदी लूटी

**उदयपुर,** (कासं.)। हिरणमगरी थानाक्षैत्र में कुरियर कर्मचारी को धमका कर पर्स व नकदी लूटने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गणेशलाल पुत्र मोहनलाल मीणा निवासी गायरी पेट्रोलपंप के पास बोरी कुआं ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं कुरियर कंपनी में काम करता हूं। 25 अप्रेल दोपहर मैं पार्सल सप्लाई करने के लिए पैसिफिक चिकित्सालय उमरड़ा की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते सनराईज कॉलेज के समीप पिछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने मुझे टक्कर मार निचे गिरा दिया तथा पार्सल छिनने का प्रयास किया। विरोधक करने पर चाकू दिखातें हुए हत्या करने की धमकी देकर करीब 7 पार्सल एवं पर्स छीन ले गए। जिसमें करीब 6 हजार रूपये नकदी थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कबर जांच शुरू की।

### गोदाम से कॉपर वायर चोरी

**उदयपुर,** (कासं.)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में स्थित गोदाम से अज्ञात चोर विद्युत वायर चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विष्णु गुप्त मैनारिया पुत्र गोपालकृष्ण निवासी स्वागत वाटिका के सामने 100 फीट रोड़ हिरणमगरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं सोलेर पैनल का काम करता हूं तथा ओरिन एनर्जी नाम से मेरी दुकान है तथा परशुराम चौराहा पर गोदाम है। 25 अप्रेल रात में अज्ञात चोर दीवार फांद दुकान में घुसे तथा लोहे की चद्दर टेडी कर अंदर घुस 2 लाख 50 हजार रूपये के विद्युत कॉपर वायर चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### श्री जी महाराज ने किया मतदान

**रूपनगढ़,** (निसं)। अखिल भारतीय श्रीनिम्बार्काचार्य पीठ श्री निंबार्क तीर्थ के आचार्य श्री श्यामशरण देवाचार्य जी महाराज ने आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वैदिक और पौराणिक मंगलाचरण के साथ श्री जी महाराज ने वोट दिया। वोट देने के बाद आचार्यचरण ने कहा कि राष्ट्र हित में मतदान करना जरूरी है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। आज राष्ट्र के हर राष्ट्रवादी नागरिक को अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डालना चाहिए। इस अवसर पर अजमेर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी और पूर्व सरपंच डॉ. धरणीधर उपाध्याय व समाजसेवी छोटू बागड़ा भी आपश्री के साथ थे।

### लोकतंत्र के पर्व में योगदान

**ब्यावर,** (निसं)। स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र ब्यावर के सभी 286 बूथों पर स्काउट-गाइड एवं वोटर मित्र ने सेवाए दी।स्काउट-गाइड एवं वोटर मित्र ने दिव्यांग ,बुजुर्ग मतदाताओं को पहुचाने , छाया में बिठाने , पंक्तिबद्ध करने और पानी पिलाने आदि का कार्य किया और मतदान में सहयोग किया। शहीद अमर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालिंजर के स्काउटर एवं बी.एल.ओ. रतन सिंह चौहान के साथ स्काउट व गाइड ने भाग सँख्या 182 व 183 पर सक्रिय सहयोग किया।